## सार-समाचार

### धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में रिटायर्ड कृषि पर्यवेक्षक को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित कर ली है। सीआई राजेश खटाना ने बताया कि 22 मई 2023 को राधेश्याम पुत्र मोहनलाल नामदेव निवासी अलीगंज मोहल्ला छबडा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि दिनेश श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त कृषि पर्यवेक्षक) निवासी दर्जी मोहल्ला ने अपनी एक परिचित महिला कोटा निवासी संतोष नागर से कोटा में प्रॉपर्टी दिलवाने के लिए मिलवाया था। इस पर नागर ने प्रॉपर्टी दिलवाने के नाम से उससे 15 लाख रूपये व 2 खाली चैक कपटपूर्वक ले लिए और उसे को कोई भी प्लॉट या प्रोपर्टी नही दिलवाई। इस पुलिस ने संतोष नागर व दिनेश श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधडी का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। जांच में दिनेश श्रीवास्तव व संतोष नागर के खिलाफ अपराध प्रमाणित पाए जाने पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए सीआई खटाना के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा बुधवार को आरोपी दिनेश श्रीवास्तव पुत्र राजबहादूर निवासी दर्जी मोहल्ला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भिजवा दिया है। कोटा निवासी संतोष नागर के खिलाफ अन्य थानों में भी धोखाधडी के प्रकरण दर्ज है। जिसकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### लघु चित्रण कार्यशाला 20 से

**कोटा**, (निसं)। कला साहित्य, सांस्कृतिक एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े के अंतर्गत राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा लघु चित्रण कार्यशाला 20 से 25 सितंबर, 2025 के मध्य कोटा छत्र विलास उद्यान स्थित कला दीर्घा में आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में हाड़ौती के लघु चित्र शैली के ख्यातिनाम चित्रकार शंभू सिंह चोबदार एवं उनके सहयोगियों द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का समय 11 से दोपहर 2.30 बजे तक रहेगा, जिसमें हाड़ौती की कला के साथ ही राजस्थान की संस्कृति, पुरातन विद्या और राजा महाराजाओं के साथ ही राजसी वैभव कला के क्षेत्र में देखने को मिलेगा वहीं बच्चों को भी सिखाया जाएगा और राजस्थान की संस्कृति से उन्हें चित्रों की बारिकियों के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन निखिलेश सेठी (इनटेक कन्वीनर, कोटा चैप्टर) द्वारा किया जाएगा और विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध हेरिटेज प्रमोटर अब्दुल हनीफ जैदी होंगे। इस शिविर के समन्वयक डॉ.राकेश सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण निशुल्क रहेगा। उन्होंने कहा कि हर बार इस शिविर को लगाया जाता है ताकि बच्चों के मन में जो उद्गार हैं, उनकी जो कला है वह केनवास पर आकृति लेते सके और नए युवाओं को आगे लाने का यह सराहनीय प्रयास है।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**रामगंजमंडी**, (निसं)। शहर के एक निजी विद्यालय ग्राउंड में 69वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल व स्कूल शिक्षा परिवार प्रदेश सचिव नरेश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। विद्यालय समिति संरक्षक ताराचंद जैन, अध्यक्ष ताहिर हुसैन, सचिव नेहा जैन और दुष्यंत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जय शर्मा और खुशी प्रजापत ने किया। छात्र वर्ग में एलजेब्रा पब्लिक स्कूल कोटा प्रथम स्थान पर रहा। जॉय एंड हैप्पीनेस स्कूल कोटा द्वितीय स्थान पर और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुर्जनपुरा तृतीय स्थान पर रहा। छात्रा वर्ग में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय इटावा ने पहला स्थान हासिल किया। सोफिया स्कूल कोटा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और तीसरा स्थान सेंट जॉन्स स्कूल कोटा को मिला।

# किसी कार्य की गुणवत्ता कमजोर मिली तो होगी कार्रवाई

**कोटा**, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गुरुवार को पंचायत समिति सांगोद की ग्राम पंचायत विनोद खुर्द, कुंदनपुर, रेलगांव, सिमलिया, कुराड़, खजूरना में ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। नागर ने शिविर में आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिए। नागर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि सांगोद विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता कमजोर पाई गई तो अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई होगी। इस दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, कृष्णा शर्मा, उप प्रधान ओम नागर अड़ूसा मौजूद रहे। नागर शुक्रवार को झालरी, हिंगोनिया, हिंगी, किशनपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सेवा शिविरों का निरीक्षण करेंगे।

**■ ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण**

ऊर्जा मंत्री नागर ने सांगोद में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया। नागर ने नालियों को जाम देखा तो स्वयं फावड़े से कीचड़ निकालने में जुट गए। थोड़ी देर में नालियों से कचरा साफ हुआ तो पानी बह निकला। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को कहा कि नालियों में कहीं पर भी पानी रुका या भरा हुआ नहीं रहना चाहिए।

ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत गुरुवार को पंचायत समिति लाड़पुरा की ग्राम पंचायत काल्याखेड़ी एवं भंवरिया, सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत रेल एवं सीमलिया, इटावा की ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुरा एवं अयाना, सांगोद की ग्राम पंचायत विनोदखुर्द एवं कुंदनपुर, कनवास की ग्राम पंचायत खुराड़ एवं खजूरना तथा खैराबाद की ग्राम पंचायत सलावदखुर्द एवं असकली में शिविर आयोजित हुए। इन शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा लंबित फार्मर रजिस्ट्री का निस्तारण, आपसी सहमति से विभाजन, नामांतरण तथा मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने पट्टा वितरण, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण एवं स्वीकृतियां, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार योजना, बीज मिनी किट वितरण, एनएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण, नए पात्र परिवारों की आधार सीडिंग सहित विभिन्न विभागों से जुड़े कार्य किए गए। शुक्रवार को पंचायत समिति लाडपुरा की ग्राम पंचायत अरण्डखेड़ा एवं बनियानी, सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत भौंरा एवं गढेपान, इटावा की ग्राम पंचायत दुर्जनपुरा एवं अयानी, सांगोद की ग्राम पंचायत हींगी एवं किशनपुरा, कनवास की ग्राम पंचायत हिंगोनिया एवं झालरी तथा खैराबाद की ग्राम पंचायत रिछड़िया एवं मण्डा में ग्रामीण सेवा शिविर लगेंगे।

# शहरी सेवा शिविर के दूसरे दिन भी आमजन में उत्साह

**कोटा**, (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा राज्य सरकार की नागरिक सेवाओं का शीघ्र निस्तारण योजना के निर्देशों के अंतर्गत शहरी सेवा शिविर-2025 के प्रथम चरण में जोन-01 (कोटा उत्तर एवं लाडपुरा क्षेत्र) की समस्त योजनाओं के लिए 17 से 19 सितम्बर तक सीएडी सर्किल स्थित कोटा विकास प्राधिकरण के नवीन परिसर (भूतल) पर शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन भी आमजन में भारी उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने भी शिविर में उपस्थित हो कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्राधिकरण के सचिव मुकेश चौधरी ने बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत 17 से 19 सितम्बर तक कोटा उत्तर एवं लाडपुरा क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। पहले दिन बकाया लीज के 38 आवेदनों सहित कुल 160 नागरिकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, जबकि आज शिविर के दूसरे दिन 91 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें लीज के 51 आवेदन भी सम्मिलित हैं।

शिविर के दोनों दिनों में कुल 251 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से प्राधिकरण द्वारा 43 प्रकरणों में बकाया लीज की छूट उपरांत जमा योग्य राशि के चालान जारी कर दिए गए है तथा 29 पट्टों का भी निस्तारण किया गया है। प्राधिकरण द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों के निस्तारण हेतु त्वरित गति से कार्यवाही की जा रही है।

शिविर में लीज राशि, पुनर्ग्रहण शुल्क (निर्माण शास्ति), भवन निर्माण स्वीकृति, पट्टे जारी करना, भूखण्डों का उपविभाजन/पुनर्गठन, भू-उपयोग परिवर्तन, नामांतरण आदि के लिए निर्धारित शुल्क, देय ब्याज एवं शास्ति के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लाभ उठाया जा सकता हैं।

**कार्यालय मेला प्रकोष्ठ नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान**

क्रमांकः-ननिको/दक्षिण/मेला प्रकोष्ठ/2025/139-156 दिनांकः-18.09.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा 132वाँ राष्ट्रीय मेला दशहरा वर्ष 2025 के अवसर पर निम्नांकित कार्य हेतु संबंधित आवेदकों/संवेदकों से ई-निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें दिनांक 19.09.25 से दिनांक 23.09.25 (दोपहर 12:00 बजे तक) कुल राशि 2.50 लाख रुपये की आमंत्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, www.kotamc.org.com, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त कर सकेंगे।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | 132वाँ राष्ट्रीय मेला दशहरा वर्ष 2025 के अवसर पर निर्मित रावण के पुतले (ऊंचाई 215 फीट) को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड एवं इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराने का कार्य (पुनः निविदा) | 2.50 |

NIB Code No. DLB2526A6147 UBN No. DLB2526SSOB 19012

आयुक्त एवं मेला अधिकारी नगर निगम कोटा दक्षिण

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-1577 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-18.9.25

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की केशवपुरा-6 होल्डर व्यावसायिक योजना के भूखंड/आवास/दुकान संख्या 58 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. प्राधिकरण के पत्र दिनांक 06.03.1992 को श्री छोटू लाल पुत्र श्री शंकर लाल को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास/दुकान का नियुक्त मुख्तारआम श्री कान्ति चंद नागर पुत्र श्री मांगीलाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.08.2008 को श्री सत्यनारायण नागर पुत्र श्री मांगीलाल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास/दुकान का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास/दुकान संख्या 58 योजना केशवपुरा-6 होल्डर व्यावसायिक का नाम हस्तान्तरण श्री सत्यनारायण नागर पुत्र श्री मांगीलाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)**

क्रमांकः-ननिको(उ.)/जनस्वा0/2025/1031-1041 दिनांक :- 16.09.2025

**-:: निविदा अवधि विस्तार सूचना ::-**

इस कार्यालय द्वारा नगर निगम कोटा उत्तर क्षेत्र के नवीन सम्मिलित कैथून एवं उसके साथ सम्मिलित गांव खेडारामपुरा व भीमपुरा आदि गांव की आबादी एवं विकसित कॉलोनियों तथा उनको जोडने वाले मुख्य मार्गो एवं अन्य मुख्य मार्गो हेतु आवश्यकतानुसार संवेदक के माध्यम से सफाई कार्य हेतु 50 बीट अकुशल श्रमिक की वार्षिक निविदा हेतु ई-निविदा सूचना क्रमांक ननिको(उ)/जनस्वास्थ्य/2025/547-59 दिनांक 01.09.2025 को निविदा जारी की गई थी। उक्त निविदा की तिथि को अपरिहार्य कारणो से बढाते हुए डाउनलोड व अपलोड करने की तिथि 23.09.2025 समय सायं 5:00 बजे तक, डी.डी. जमा कराये जाने की तिथि 24.09.2025 समय सायं 6:00 बजे तक, बढाई जाती है एवं तकनिकी बिड खोलने की तिथि 25.09.2025 प्रातः 11:00 बजे तथा वित्तीय बिड तकनिकी परीक्षण पश्चात खोली जावेगी।

शेष यथावत रहेगा।

उपायुक्त-द्वितीय
नगर निगम कोटा उत्तर

राज.संवाद/सी/25/10359




### होटल मैनेजमेंट के छात्रों का अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय फाईव स्टॉर होटल्स में चयन

**कोटा**, (निसं)। एलबीएस संस्थान के चेयरमैन कुल्दीप माथुर ने बताया कि हाड़ौती क्षेत्र में कोटा के पहले होटल मैनेजमेंट कॉलेज एलबीएस कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के छात्रों का अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के फाईव स्टॉर होटल्स में चयन हुआ जैसे ताज, हयात, लीला, रेडिसन, आईटीसी, मैरियट, हिल्टन, एक्कोर, द फर्न एवं तीन विद्यार्थीयों का चयन मॉरीशस में अंतराष्ट्रीय स्तर की होटल्स में भी हुआ। उन्होंने बताया कि छात्रों ने यह सफलता चयन प्रक्रिया में रखें गए विभिन्न चरणों को सफलता पूर्वक पूर्ण कर प्राप्ति की है।

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता की पहली अनुसूची संख्या 4)

नाम अदालत अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश छबड़ा

रेखा प्रार्थीया विरुद्ध धर्मेन्द्र अप्रार्थी

वाद/प्रार्थना-पत्र धारा 13 H.M. Act

प्रार्थना संख्या 46/24

नाम धर्मेन्द्र पुत्र मथूरालाल जाति छीपा निवासी पसार मोहल्ला छीपाबड़ौद थाना व तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां (राज.)

उक्त प्रार्थीया ने इस अदालत में यह आवेदन किया है कि....................

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आपके आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये ता. 30 मास 10 सन् 2025 को 10 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्पर्क रूप से अनुदेश दिया गया हो उपसंज्ञात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप में किया जावेगा।

यह आज ता. 16 मास 09 सन् 25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

न्यायालय के आदेश से
रीडर
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
छबड़ा जिला बारां (राज.)

**पीठासीन अधिकारी श्री सत्यनारायण व्यास, आर.एच.जे.एस. जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटा राजस्थान**

दीवानी विधिक प्रकरण संख्या - 114/2023

श्रीमती मन्नी बाई पत्नी श्री शंकर लाल, उम्र 52 वर्ष, निवासी- लाम्बा पीपल, जिला बून्दी, राजस्थान-323021 ......प्रार्थीया

-बनाम-

(1) शंकर लाल मेघवाल पुत्र श्री नारायण, उम्र 49 वर्ष, निवासी- लाम्बा पीपल, जिला बून्दी राजस्थान- 323021 (2) समीर मेघवाल पुत्र स्व. श्री नरेश कुमार, उम्र 11 साल नाबालिग जरिये संरक्षक दादा शंकर लाल मेघवाल पुत्र नारायण निवासी- पंचवटी नगर, सुभाष नगर, कुन्हाड़ी, कोटा राजस्थान हाल निवासी- लाम्बा पीपल, जिला बून्दी राजस्थान - 323021 (3) सोनाक्षी मेघवाल पुत्री स्व. श्री नरेश कुमार उम्र 09 साल नाबालिग जरिये संरक्षक दादा शंकर लाल मेघवाल पुत्र नारायण निवासी- पंचवटी नगर, सुभाष नगर, कुन्हाड़ी, कोटा राजस्थान हाल निवासी- लाम्बा पीपल, जिला बून्दी राजस्थान - 323021 (4) जीतमल पुत्र श्री शंकर लाल उम्र 21 साल निवासी- लाम्बा पीपल, जिला बून्दी राजस्थान-323021 (5) मोहन लाल मेघवाल पुत्र श्री शंकर लाल उम्र 20 साल निवासी- लाम्बा पीपल, जिला बून्दी राजस्थान- 323021 (6) विद्या भारती पत्नी स्व. श्री नरेश कुमार उम्र 30 साल निवासिनी- पंचवटी नगर, सुभाष नगर, कुन्हाड़ी, कोटा राजस्थान हाल निवासी- केन्द्रीय कारागार, कोटा राजस्थान (7) मैना पुत्री शंकर लाल पत्नी श्री रामपाल उम्र 26 निवासी- तालेड़ा जिला बून्दी राजस्थान (8) भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा कोटा प्रथम छावनी कोटा (9) हर खास आम ....... अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-372,
भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रार्थना पत्र

प्रार्थीया मन्नी बाई की ओर से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-372, भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि प्रार्थी का पुत्र नरेश कुमार का पुत्र है। जिसकी हत्या दिनांक 08.03.2023 कर दी गयी है। मृतक की बीमा पॉलिसी संख्या 157949036 है तथा यूआईएन कोड 512B209V02 है तथा डीआईएन नम्बर- 512N277V92 है राशि 2,00,000/- रुपये है। जिसे प्रार्थीया प्राप्त करने की अधिकारिणी है। अतः इसके बाबत प्रार्थीया के पक्ष में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने की प्रार्थना की गई है। अतः प्रार्थीया के पक्ष में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में जिस किसी को आपत्ति हो तो वह असालतन या वकालतन इस न्यायालय में दिनांक 28 माह 10 सन् 2025 को अपनी आपत्ति खुद करें अन्यथा प्रार्थी के पक्ष में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

मुद्रा न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.)

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम मुर्तुजा से बदलकर नया नाम मुर्तुजा शाकिर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-मुर्तुजा शाकिर पुत्र सादिक अली स्टेशन रोड चोमहला झालावाड़**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम सकीना से बदलकर नया नाम सकीना बुंदीवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-सकीना बुंदीवाला पत्नी मोहम्मद कुरेशी गर्ल्स स्कूल के पास राधाविलास टिपटा कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैं रितु शर्मा (वर्तमान में रितु मेहता), पत्नी अमन शर्मा (वर्तमान में अवधेश राय लामा), निवासी सांभर लेक, जयपुर (वर्तमान में महावीर नगर तृतीय, कोटा, राजस्थान) की ओर से सूचित करती हूं कि-

1. मेरी पुत्री का नाम ध्रुवी शर्मा अब बदलकर ध्रुवी मेहता होगा।
2. मेरा नाम रितु शर्मा अब बदलकर रितु मेहता होगा।
3. मेरी पुत्री के पिता का नाम अमन शर्मा अब बदलकर अवधेश राय लामा होगा।

भविष्य में हमें इन नए नामों से जाना जाएगा। हमारा वर्तमान पता 2-C-1 महावीर नगर तृतीय, कोटा (राजस्थान) है।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

क्रमांकः LU2012/KOT/2025-26/101056 **लोक सूचना** दि.18.09.2025

श्री BHAIRU LAL पुत्र श्री GOPAL जाति MER निवासी HANUMAN MANDIR KE PASS SOGARIYA, KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भदाना, लाडपुरा (कोटा) | BHAIRULAL S/O GOPAL JAATI MER SOGARIYA | 809 | 11500 | 1.15 |
| | | | | कुल | 1.15 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 18/09/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)